## महत्वपूर्ण एवं खास

### अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 21 जनवरी को

#### 16 दिसम्बर तक जमा कर सकते है ऑनलाईन आवेदन

**रायगढ़।** शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में कक्षा 6 वीं एवं 9 वीं में प्रवेश हेतु अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 21 जनवरी 2024 को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए)द्वारा आयोजित की जाएगी। सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की अधिकारिक वेबसाईट www.nta.ac.in या https://exams.nta.ac.in/AISSEE/ पर 16 दिसम्बर 2023 शाम 5 बजे तक भरे जायेंगे।

### न्यायालय अपर आयुक्त कैम्प कोर्ट रायगढ़ में 23 को नियत प्रकरणों की सुनवाई तिथि में परिवर्तन

**रायगढ़।** न्यायालय श्रीमान अपर आयुक्त, बिलासपुर संभाग, बिलासपुर (कैम्प रायगढ़) में नियत पेशी 23 नवम्बर 2023 को स्थानीय अवकाश (देवउठनी)घोषित हो जाने के कारण उक्त तिथि को नियत समस्त प्रकरणों की आगामी सुनवाई 22 फरवरी 2024 को नियत की गई है।

### कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी के निर्देश पर मतगणना के लिए बेरिकेटिंग शुरू

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग और वन विभाग के संयुक्त सहयोग से सारंगढ़ के कृषि उपज मंडी प्रांगण में मतगणना के लिए आवश्यक बेरिकेटिंग कार्य शुरू हो गया है। पूर्व में मतदान सामग्री के लिए किए गए बेरिकेटिंग और पंडाल व्यवस्था को हटा लिया गया है। उल्लेखनीय है कि मंडी परिसर में ही जिले के दोनों विधानसभा सारंगढ़ और बिलाईगढ़ का मतगणना रविवार 03 दिसंबर 2023 को किया जाएगा।

### स्ट्रांग रूम सुरक्षा के लिए प्रत्याशी अपना एजेंट नियुक्त कर सकते हैं - कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** विधानसभा आम निर्वाचन 2023 अंतर्गत कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने प्रत्याशियों को पत्र के माध्यम से कहा है कि मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के बाद ईव्हीएम मशीनों को विधानसभावार निर्धारित स्ट्रांग रूम में सील बंद कर सीआईएसएफ सुरक्षा बल के कड़ी सुरक्षा के साथ रखे हुए हैं। जिस पर नजर रखने हेतु अपने अभिकर्ता (एजेंट) नियुक्त कर सकते हैं। जिनके बैठने के लिए मंडी परिसर में अलग व्यवस्था की गई है। सभी प्रत्याशी संबंधित अपने अभिकर्ताओं की सूची फोटोयुक्त उपलब्ध कराएं ताकि परिचय पत्र जारी किया जाए। इस आशय का पत्र दोनों विधानसभा सारंगढ़-17 और बिलाईगढ़-43 के सभी अभ्यर्थियों को कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सारंगढ़ बिलाईगढ़ से जारी किया गया है।

### मालगाड़ी के पहिए पटरी से उतरे

**कोरबा-रायपुर (आरएनएस)।** कोरबा में एक मालगाड़ी डिरेल हो गया है। गाड़ी के पीछे लगी बोगी के करीब चार पहिए पटरी से उतर गए। इसके बाद रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंच कर टीम के साथ मालगाड़ी को पटरी पर लाने जुट गए। सूत्रों ने बताया कि कोरबा के जिले में मालगाड़ी के पीछे के चार चक्के पटरी से उतर गए। जिसके बाद सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे रेलवे के अधिकारियों ने इस हादसे के पीछे के कारणों का पता लगाया जिसमें ट्रैक में अधिक मात्रा में कोल डस्ट जमा होने के कारण घटना होने की बात सामने आई है। साथ ही प्रबंधन के द्वारा समय पर देखरेख नहीं किए जाने के कारण घटना होने की बात कही जा रही है। इस पूरी घटना के बाद पटरी से उतरे डिब्बों का मरम्मत कार्य शुरू हो चुका है।

### दो ट्रक से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद, चेकिंग के दौरान पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

**बलरामपुर (आरएनएस)।** जिले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. वाहन चेकिंग के दौरान दो ट्रक से बड़ी मात्रा में पुलिस ने विस्फोटक सामग्री जब्त किया है. जब्त विस्फोटक सामग्री और दो ट्रक की कीमत लगभग 83 लाख बताई जा रही है. यह मामला बलंगी थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, वाहन चेकिंग के दौरान बलंगी पुलिस ने दो ट्रक से ऑप्टिमेक्स प्रिल्ड अमोनियम नाइट्रेट 63 टन विस्फोटक सामग्री जब्त किया है. साथ ही परिवहन कार्य में लगे दो ट्रक को भी जब्त किया. बताया जा रहा है यह कार्रवाई परिवहन शर्तों के उल्लंघन करने पर की गई है. जब्त विस्फोटक और ट्रक सहित सामग्री की कीमत 83 लाख बताई जा रही है. पुलिस ने विस्फोटक सामग्री परिवहन करने के वाले दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है.

# क्राइम मीटिंग : एसएसपी सदानंद कुमार ने प्रभावशील आचार संहिता में लघु एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही जारी रखने के दिए निर्देश

- वर्षांत के पूर्व लंबित अपराध, शिकायतों के निराकरण और महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध अपराध में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने की समझाइश
- शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने एसएसपी दिए पुलिस अधिकारियों को बधाई





**रायगढ़।** दिनांक 20/11/2023 के शाम पुलिस कंट्रोल रूम रायगढ़ में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारीगण एवं थाना, चौकी प्रभारियों की मीटिंग लिया गया। मीटिंग के प्रारंभ में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी अधिकारियों एवं आफिस स्टाफ को जिले में चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने की बधाई दिए। उन्होंने कहा कि जिले में कानून का भय दिखना चाहिए। गुंडे एवं बदमाश प्रकृति के लोगों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए। वहीं अमन पसंद जनता के साथ मित्रवत व्यवहार किया जाना चाहिए। उन्होंने प्रभारीगण से कहा गया कि आचार संहिता प्रभावशील है, लघु एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही जारी रखें। मीटिंग में एजेंडा अनुरूप थानों के लंबित अपराध शिकायत मर्ग, लघु एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियों का विश्लेषण कर अधिकारियों को वर्षांत के मद्देनजर थानों के लंबित अपराध, शिकायतों का अधिक से अधिक निराकरण करने का लक्ष्य दिया गया। मीटिंग में थाना प्रभारी को निर्देशित किये कि गिरफ्तारसुदा आरोपियों को न्यायालयीन समय पर पेश किया जावे, यद्यपि कारणवश आरोपियों को हवालात में रखने पड़े तो सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें।महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराधों में त्वरित एवं कड़ी से कड़ी कार्यवाही कर जीरो टॉलरेंस की नीति पर जोर देने की समझाइश दिए। राजपत्रित अधिकारियों को निर्देशित किये कि पर्यवेक्षण थानों के मर्ग डायरी की समीक्षा कर फाइल योग्य मर्ग डायरियों को फाइल करावे और जिन मर्ग पर अपराध पंजीबद होता है उन पर तत्काल अपराध पंजीकृत कराया जाए तथा वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त शिकायतों की जांच कर तत्काल रिपोर्ट भेजा जाए। उन्होंने मीटिंग में ट्रैफिक डीएसपी को प्रेशर हॉर्न, मॉडिफाई साइलेंसर पर अधिक से अधिक कार्यवाही का निर्देशित किये तथा डीएसपी (अजाक) को एससी/ एसटी मामले में पीड़ित क्षतिपूर्ति मामले का समय पर निराकरण के निर्देश दिए। थाना प्रभारियों को पुलिस पोर्टल से प्राप्त शिकायतें तथा साइबर टीप लाइन पर समयावधि पर कार्यवाही का निर्देश दिया गया। उन्होंने वर्षांत के पूर्व लंबित मामलों का शत प्रतिशत निराकरण करने के निर्देश सहित लंबित शिकायतों का अभियान चलाकर निराकरण करने के निर्देश दिया गया। क्राइम मीटिंग में समस्त राजपत्रित (पुलिस) अधिकारीगण, रक्षित निरीक्षक, थाना/चौकी प्रभारी, चुनाव सेल एवं पुलिस कार्यालय के समस्त शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

## अनुमति जारी : बिलाईगढ़ विधानसभा में बीएसपी के अभ्यर्थी श्याम टंडन के 8 एजेंट कर सकेंगे स्ट्रांग रूम निगरानी



**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** विधानसभा आम निर्वाचन 2023 अंतर्गत मतदान समाप्ति के बाद ईव्हीएम मशीनों को विधानसभावार निर्धारित स्ट्रांग रूम में सील बंद कर सीआईएसएफ सुरक्षा बल के कड़ी सुरक्षा के साथ रखे हुए हैं। इनके अलावा विधानसभा चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी के अभिकर्ता (एजेंट) भी निर्धारित स्थान पर रहकर कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सारंगढ़ बिलाईगढ़ से शर्तों के अधीन प्राप्त अनुमति पत्र से निगरानी कर सकते हैं।

बिलाईगढ़ विधानसभा-43 के अभ्यर्थी श्याम टंडन, बहुजन समाज पार्टी के द्वारा एजेंटों के फोटोयुक्त आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिनके आधार पर सुमन तान्दुलाने, अनुराग हिरवानी, गजानंद खुंटे, अमन निराला, सुनील खुंटे, विकास टंडन, मृगेन्द्र जांगड़े, अभिषेक कुर्रे को निगरानी करने का अनुमति पत्र प्रदान किया गया है। शर्त अनुसार निगरानीकर्ता को निर्धारित स्थल पर ही रहकर निगरानी करना होगा। एक समय में एक ही व्यक्ति निगरानी स्थल में उपस्थित रहेंगे। निगरानीकर्ता को अपने साथ किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, हथियार, लाठी इत्यादि रखना प्रतिबंधित है। इसके साथ ही शोर-शराबा, धूम्रपान,नशापान प्रतिबंधित है। निगरानीकर्ता को निर्वाचन आयोग, निर्वाचन अधिकारी एवं सुरक्षा अधिकारियों के निर्देश का पालन करना होगा। निगरानीकर्ता यदि निर्देशों एवं शर्तों के पालन नहीं करेंगे तो उनका अनुमति निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी।

## देवउठनी के साथ शुरू हो जाएंगे मांगलिक कार्यक्रम

- 23 नवंबर गुरुवार को होगी देवउठनी एकादशी
- 22 नवंबर को देर रात 11 :03 मिनट से शुरू और अगले दिन 23 नवंबर को 09:01 मिनट पर समाप्त होगी मुहूर्त




**रायपुर (आरएनएस)।** 23 नवंबर गुरूवार को देवउठनी एकादशी जिसे छोटी दीपावली भी कहते हैं। इस दिन भगवान श्रीहरि विष्णु अपनी योगनिद्रा से जाग जाएंगे। इसके साथ ही शुभ और मांगलिक कार्यक्रम फिर से शुरू हो जाएंगे।

अंचल में इसका बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। देवशयनी एकादशी 29 जून 2023 को थी। उसके बाद से शहनाईयों की गूंज बंद हो गई थी जो अभी तक जारी है। विवाह वाले एवं शुभ कार्य करने वाले परिवारों का इंतजार अब खत्म होने वाला है क्योंकि देवउठनी एकादशी के साथ ही वैवाहिक मुहूर्त शुरू हो जाएंगे और शहनाइयां बनजे लगेंगी। हालांकि इस वर्ष नवंबर में शादी के मात्र 5 मुहूर्त है और दिसंबर में 7 है। इस साल 12 दिन मुहूर्त बचे है जिसमें अधिकांश दिनों बड़ी संख्या में शादियॉ होगी। इसकी हलचल शुरू हो गई है हर वर्ष कार्तिक माह में शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को देवउठनी एकादशी मनाई जाती है। इस वर्ष गुरूवार 23 नवंबर को देवउठनी एकादशी है। पंचांग के अनुसार कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 22 नवंबर को देर रात 11 बजकर 03 मिनट से शुरू होगी और अगले दिन यानी 23 नवंबर को 09 बजकर 01 मिनट पर समाप्त होगी। इसके अगले 24 नवंबर को तुलसी विवाह है। इस दिन से विवाह का लग्न शुरू हो जाता है। बता दे कि नवंबर माह में 23, 24, 27, 28 और 29 को शादी के लिए शुभ मुहूर्त है। इसके अलावा दिसंबर में 5, 6, 7, 8, 9, 11 और 15 को शुरू मुहूर्त है। इस दौरान बाजारों में जमकर खरीददारी होने की उम्मीद व्यापारी जता रहे है। बता दे कि नवंबर माह में देवउठनी एकादशी के बाद विवाह के लिए 4 शुभ मुहूर्त है। वही दिसंबर माह की बात करें तो 7 वैवाहिक इस महीन में है। वही व्यापारियों को अच्छे व्यापार की उम्मीद है।

## हाथियों का खौफ जारी : पसान व केंदई रेंज में 4 लोनरों से बढ़ा खतरा



### दंतैल हाथी ने जमकर मचाया उत्पात, ग्रामीणों ने दहशत में गुजारी रात

**बालोद (आरएनएस)।** जिले के गुरुर वन परिक्षेत्र में दंतैल हाथी जमकर उत्पात मचा रहा है. बीती रात कई गांवों के अंदर दंतैल हाथी घुस गया और फसलों को नुकसान पहुंचाया. जिससे ग्रामीणों को दहशत में रात गुजारनी पड़ी. इस बीच वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों से घरों में रहने की अपील की है. दंतैल हाथी को लेकर वन विभाग ने ग्राम जगतरा, सोहतरा, बिच्छीबाहरा, खैरडीगी, धनापुरी, ओड़ेनाडीह, डोकला आदि गांवों को अलर्ट किया है और जंगल नहीं जाने की अपील की है. वर्तमान में हाथी जंगली भेजा गांव के जंगल में उपस्थित है.

**कोरबा (आरएनएस)।** जिले के वन मंडल कटघोरा व कोरबा में हाथियो का खौफ जारी है यहां के पसान व केंदई रेंज में कुल 63 की संख्या में हाथी घूम रहें है। जिनमें से 59 हाथी पनगंवा व जलके क्षेत्र में सक्रिय है जबकि दो लोनर हाथी रेंज के बनिया व तनेरा गांव में मंडरा रहे है केंदई रेंज के साल्ही पहाड़ तथा उच्चलैंगा में दो लोनर हाथियो का विचरण दल से अलग हो रहा है।

लोनर हाथियो के चार जगहों पर सक्रिय होने से क्षेत्र में खतरा बढ़ गया है। बढ़ते खतरे को देख वन विभाग विशेष सर्तकर्ता बरत रहा है। विभाग की ओर इन हाथियो की विशेष निगरानी की जा रही है। क्योंकि लोनर हाथियो के दल से अलग होकर विचरण करने से खतरा बढ़ जाता है।

दल में रहने से लोनर का स्वभाव शांत रहता है जबकि अलग होने पर आक्रामक हो जाते है केंदई रेंज के साल्ही पहाड़ में मौजूद लोनर ने बीति रात पहाड़ से नीचे उतर कर उत्पात मचाते हुए 9 ग्रामीणों के धान फसल को रौंद दिया वहीं पनगंवा व जलके में मौजूद हाथियो के दल ने भी आधा दर्जन किसानों की फसल को तहस-नहस किया है। इधर कोरबा वन मंडल के कुदमुरा रेंज अंतर्गत गुरमा में मौजूद 37 हाथियो का दल बीती रात बेकाबू हो गया । और गुरमा, चिरा व धनपुरी गांव में पहुंचकर 15 किसानो की फसल को उत्पात मचाते हुए मटिया मेट कर दिया। इन गांव में हाथियों द्वारा उत्पात मचाए जाने से ग्रामीणों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी आज सुबह प्रभावित गांव पहुंचे । और हाथियो द्वारा रात में किए गए हाथियों द्वारा नुकसानी का आक्लन करने के साथ रिपोर्ट तैयार की ।

## जिले के किसान सामर्थ्य अनुसार कर रहे हैं खेतों में धान कटाई



**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ के सभी जिले के सेवा सहकारी समिति में धान खरीदी केन्द्र 01 नवंबर 2023 से खोले गए हैं। वर्तमान में धान कटाई का दौर शुरू हो चुका है। किसान अपने सामर्थ्य अनुसार स्वयं या मजदूरों से या सीधा खेत में धान काटने की मशीन से धान काट रहे हैं। क्षेत्र के खेतों में अभी भी धान पक रहे हैं, कटाई पूरा नहीं हो पाया है। ऐसे में अंचल के सभी किसानों के धान कटाई से लेकर खरीदी केन्द्र तक पहुंचने का अनुमान लगाया जाए तो कम से कम 5 दिसंबर 2023 के बाद ही धान का आवक पर्याप्त मात्रा में किसान लेकर आएंगे। सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम रेड़ा के किसान चंपालाल सिदार आज भी ट्रैक्टर, हार्वेस्टर आदि के स्थान पर बैलों के सहारे खेती कर रहे हैं।

## ठंड ने दी दस्तक... श्रीलंका सहित कई देशों से आने वाले प्रवासी पक्षी लौटने लगे अपने देश



**कोरबा (आरएनएस)।** ठंड की दस्तक के साथ ही श्रीलंका सहित कई देशों से आने वाले पक्षियों का प्रवास काल कनकी में पूरा हो चुका है। अब वे अपने बच्चों के साथ मीलों का सफर पूरा कर स्वदेश लौटने लगे हैं। दशकों से यह खास किस्म के पक्षी घोंगिल ओपनबिल्ड स्टार्क जिले के कनकेश्वर धाम को अपने प्रवास का सबसे प्रिय स्थान बना लिया है। वे यहां प्रजनन के लिए आते हैं।

पक्षियों का आगमन जून महीने में होता है। यह वह माह होती है जब शिव की आराधना के पवित्र माह सावन की भी शुरूआत होती है। भगवान शिव की आराधना के लिए प्रख्यात कनकेश्वर धाम में पक्षियों का आगमन शिव की आराधना से जुड़ा हुआ है। ग्रामीण इन पक्षियों को आस्था से जोडक़र देखते हैं। बरसात की शुरूआत में इनका आगमन होने के करण इन्हें मानसून का सूचक भी माना जाता है। अब ठंड की शुरुआत होते ही पक्षी वापस लौटने लगे हैं। यह अपने घोसले इमली, बरगद ,पीपल,बबूल व बांस के पेड़ों पर बनाते हैं। स्टार्क पक्षी 10 से 20 हजार की संख्या तक अपने घोंसले बनाते हैं। एक पेड़ पर 40 से 50 घोसले हो सकते हैं। प्रत्येक घोसले में चार से पांच अंडे होते हैं। सितंबर के अंत तक इनके चूजे बड़े होकर उडऩे में समर्थ हो जाते हैं।

घोसलों का स्थान भी निश्चित होता है। जहां प्रत्येक वर्ष यह जोड़ा उन्ही टहनियों पर घोसला रखता है जहां पूर्व के वर्ष में था। गांव कनकी की जलवायु में प्रवासी पक्षियों को प्रजनन काल के लिए उपयुक्त वातावरण मिलता है। जिसके कारण ही यहां पिछले कई दशकों से यह सिसिला लगातार चलता आ रहा है। मुख्यतौर पर यह पक्षी दक्षिण पूर्व एशिया,श्रीलंका और दक्षिण भारत में भी पाए जाते हैं। पक्षी कीट भक्षी होने के कारण किसानों के सहयोगी हैं। धान की फसल को नुकसान करने वाले कीटों ये चट कर जाते हैं। प्राकृतिक आपदा गाज के कारण हर साल यहां पक्षियों की मौत होती है। इसके अलावा खेतों रासायनिक दवाओं के छिडक़ाव की वजह से पक्षियों के खतरा बना है। यही वजह है कि प्रवासी पक्षियों की संख्या लगातार कम हो रही है।

### छत्तीसगढ़ में दो दिन बाद तापमान में आएगी गिरावट, बढ़ेगी ठंड



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज अब बदलने लगा है। तापमान में अब गिरावट दर्ज की जा रही है। वहीं दो दिन पहले तक जहां रात का तापमान 15 डिग्री के नीचे पहुंच रहा था तो वहीं अब ठंड में कमी आई है। मौसम विभाग का कहना है कि आज 20 नवंबर से तापमान में बढ़ोत्तरी हो सकती है। वहीं 22 नवंबर के बाद से तेज ठंड पडऩे के भी आसार नजर आ रहे हैं। बढ़ती ठंड के चलते रायपुर के विभिन्न क्षेत्रों में इन दिनों गर्म कपड़ों के स्टाल सज गए है। गर्म कपड़ों पर उपभोक्ताओं को 20 फीसद तक छूट दी जा रही है। इन दिनों बढ़ते कड़ाके की ठंड को देखते हुए कपड़े संस्थानों में भी गर्म कपड़ों की नई रेंज आ गई है। उपभोक्ताओं द्वारा इसे काफी पसंद किया जा रहा है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480